RAJHIN/2014/55262

sancharjagat.com

खबरों व विज्ञापन
के लिए सम्पर्क करें
संचार जगत
मो.नम्बरः- +917357161599

संचार जगत

दैनिक समाचार पत्र

sancharjagat.com | editorial@sancharjagat.com

'सोच को इतना बड़ा रखो कि असफलता भी एक छोटा कदम लगे। सफलता कोई मंजिल नहीं, यह एक दिशा है। बड़ा सोचो, बड़ा करो।'

वर्षः 13 | अंकः 255 | जयपुर, बुधवार, 14 अक्टूबर , 2026 | मूल्यः 2.00 रूपए | पृष्ठ : 4

सीएम ने भड़ाना की मौत की जांच के आदेश दिए

संचार जगत

जयपुर। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने पुलिस महानिदेशक को पूर्व भाजपा विधायक अतर सिंह भड़ाना की मौत की निष्पक्ष और गहन जांच सुनिश्चित करने का निर्देश दिया है।

उन्होंने इस मामले में डीजीपी से बात कर जानकारी प्राप्त की और स्थिति की समीक्षा की। उन्होंने गृह राज्य मंत्री जवाहर सिंह बेधम से भी इस मामले पर चर्चा की और उन्हें घटनाक्रम पर कड़ी नजर रखने का निर्देश दिया।

भरतपुर जिले में सोमवार को एक क्रशर प्लांट को फिर से शुरू करने को लेकर हुए विवाद के बाद भीड़ ने अतर सिंह भड़ाना की पीट-पीटकर हत्या कर दी। आरएलपी के अध्यक्ष और नागौर सांसद हनुमान बेनीवाल ने भरतपुर रेंज के आईजी और जिला पुलिस अधीक्षक को तत्काल हटाने की मांग की है।

अतर सिंह भड़ाना की पत्नी कमलेश भड़ाना ने लगभग 80 लोगों के खिलाफ हत्या की शिकायत दर्ज कराई है, जिसमें कई कथित हमलावरों के नाम शामिल हैं।

हमले के दौरान उन्होंने अपने पति को बचाने की कोशिश की, लेकिन उन्हें धक्का देकर एक तरफ कर दिया गया और उन पर हमला किया गया। इस घटना में उन्हें भी चोटें आई।

मुख्यमंत्री शर्मा ने कानून-व्यवस्था की समीक्षा बैठक में दिए सख्त निर्देश

अपराध पर सीएम का सख्त एक्शन, एक पुलिस अधिकारी निलंबित, 6 एपीओ और 2 हटाए गए

संचार जगत

जयपुर। राजस्थान में हाल ही में हुई आपराधिक घटनाओं और पुलिसकर्मियों के कथित लापरवाहीपूर्ण एवं अमर्यादित व्यवहार को लेकर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने सख्त रुख अपनाया है। कानून-व्यवस्था की उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक के बाद पुलिस विभाग में बड़ी कार्रवाई की गई है। एक पुलिस अधिकारी को निलंबित किया गया है, छह अधिकारियों को पदस्थापन की प्रतीक्षा में (एपीओ) रखा गया है, जबकि दो अधिकारियों को उनके पदों से हटाया गया है। मुख्यमंत्री ने स्पष्ट कहा कि प्रदेश में अपराध के प्रति जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाई जाएगी। अपराधी कोई भी हो, उसे बख्शा नहीं जाएगा। उन्होंने पुलिस अधिकारियों को निर्देश दिए कि कानून-व्यवस्था बनाए रखने में किसी भी स्तर पर लापरवाही नहीं होनी चाहिए और जिम्मेदार अधिकारियों की जवाबदेही तय की जाए।

महिला सुरक्षा पर विशेष जोर

मुख्यमंत्री ने महिला सुरक्षा को लेकर कालिका पेट्रोलिंग यूनिट्स का सुचारू और व्यवस्थित संचालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। साथ ही स्कूलों और कॉलेजों में इन यूनिट्स के संवाद एवं संपर्क कार्यक्रम आयोजित करने को कहा, ताकि महिलाओं और बालिकाओं की सुरक्षा मजबूत हो तथा महिला अपराधों की प्रभावी रोकथाम की जा सके। उन्होंने कहा कि पुलिस का मूल दायित्व अपराधियों में कानून का भय पैदा करना और आमजन में सुरक्षा एवं विश्वास की भावना मजबूत करना है। कुछ पुलिसकर्मियों के अनुचित व्यवहार से पूरे विभाग की छवि प्रभावित होती है। इसलिए प्रत्येक पुलिसकर्मी का व्यवहार ऐसा होना चाहिए कि आम नागरिक स्वयं को सुरक्षित महसूस करे।

हटाए गए: अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक, एसआईयूसीएडब्ल्यू, जयपुर ग्रामीण बृजमोहन मीणा और अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक, खैरथल जया सिंह।





माफियाओं पर कसेगा शिकंजा

मुख्यमंत्री ने खनन और भूमि विवादों से जुड़े मामलों की जिलेवार विस्तृत सूची तैयार करने तथा उनके समाधान के लिए प्रभावी कार्ययोजना बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि प्रदेश में अपराधियों और माफियाओं के लिए कोई जगह नहीं है। अपराध को बढ़ावा देने वाले मामलों में किसी भी स्तर पर ढिलाई नहीं बरती जाएगी। उन्होंने आपराधिक घटनाओं और पुलिसकर्मियों के आचरण से जुड़े मामलों की गहन समीक्षा करने तथा ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने के लिए निगरानी और जवाबदेही की व्यवस्था मजबूत करने पर जोर दिया।

त्योहारी सीजन में सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने के निर्देश

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने मंगलवार को कानून-व्यवस्था की समीक्षा करते हुए कहा कि आगामी त्योहारी सीजन को देखते हुए पुलिस प्रशासन पूरी तरह सतर्क रहे। कानून-व्यवस्था के साथ यातायात व्यवस्था भी चाक-चौबंद रखी जाए। उन्होंने निर्देश दिए कि छोटी से छोटी घटना को भी गंभीरता से लिया जाए, ताकि समय रहते कार्रवाई कर बड़ी घटनाओं को रोका जा सके। उन्होंने सभी वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों को अपने प्रभार वाले रेंज और जिलों में नियमित रूप से कानून-व्यवस्था की समीक्षा करने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि राजस्थान की शांतिप्रिय छवि और आमजन के विश्वास को बनाए रखना सरकार की प्राथमिकता है।

बैठक के बाद इन अधिकारियों पर हुई कार्रवाई

मुख्यमंत्री के निर्देशों के बाद पुलिस विभाग ने तत्काल कार्रवाई की।

निलंबितः बेर थाने के थानाधिकारी धीरेन्द्र सिंह।

एपीओः अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक प्रेरणा शेखावत, वृत्ताधिकारी भुसावर नीरज भारद्वाज, उप पुलिस अधीक्षक (यातायात) अजमेर अंजू यादव, वृत्ताधिकारी सांभर मुकेश जोशी, वृत्ताधिकारी श्रीगंगानगर विष्णु कुमार खत्री और पुलिस निरीक्षक, आयुक्तालय जयपुर मुकेश खराड़िया।

राष्ट्रीय अध्यक्ष बसंत मित्तल का कोटा में किया स्वागत



संचार जगत

कोटा। अखिल भारतीय अग्रवाल सम्मेलन कोटा संभाग एवं इकाई अखिल भारतीय अग्रवाल सेवा उत्थान समिति कोटा के तत्वावधान में कोटा पधारे अखिल भारतीय अग्रवाल सम्मेलन के राष्ट्रीय अध्यक्ष बसंत मित्तल का स्वागत किया गया। इस अवसर पर राष्ट्रीय संगठन मंत्री अम्बर अग्रवाल का भी सम्मानपूर्वक स्वागत किया गया।

संभागीय अध्यक्ष मोहनलाल अग्रवाल एवं महामंत्री संजय गोयल ने बताया कि कार्यक्रम में अतिथियों को स्मृति चिह्न, अग्रवाल समाज का दुपट्टा एवं पुष्पगुच्छ भेंट कर सम्मानित किया गया तथा उन्हें शुभकामनाएँ प्रेषित की गईं। इस अवसर पर अग्रवाल समाज की विभिन्न गतिविधियों, सामाजिक सेवा कार्यों एवं आगामी कार्यक्रमों को लेकर विस्तारपूर्वक विचार-विमर्श किया गया। साथ ही समाज की एकता, संगठन की मजबूती और जनसेवा के कार्यों को और अधिक गति देने पर चर्चा की गई।

कार्यक्रम में समाजसेवी संदीप अग्रवाल चांदीवाला, पार्षद सुरेंद्र अग्रवाल, डॉ. राहुल मित्तल संभागीय उपाध्यक्ष, प्रमोद अग्रवाल वरिष्ठ उपाध्यक्ष, ललित किशोर मित्तल, राष्ट्रीय संगठन मंत्री नवल किशोर गर्ग, मुकेश गुप्ता, भंवर लाल अग्रवाल, किरण अग्रवाल संभागीय महिला अध्यक्ष, आराधना अग्रवाल, रूपा अग्रवाल जिला महामंत्री, किरण अग्रवाल, शशि गोयल, भावना अग्रवाल, सतनारायण अग्रवाल, जिला महामंत्री नवीन मित्तल सहित समाज के अनेक गणमान्य पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित रहे।



संचार जगत

सीकर। हॉकी राजस्थान के निर्देशानुसार आगामी खेलो राजस्थान गेम्स में हॉकी खेल को शामिल करने हेतु हॉकी सीकर के अध्यक्ष श्याम सुन्दर के नेतृत्व में प्रदेश के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नाम ज्ञापन जिला कलेक्टर सीकर के माध्यम से भिजवाने हेतु अतिरिक्त जिला कलेक्ट रिया शर्मा को ज्ञापन सौंपा गया।

तत्पश्चात खडेला विधायक सुभाष मील को ज्ञापन की प्रति सौंप कर माननीय मुख्यमंत्री जी को आगामी खेलो राजस्थान गेम्स में हॉकी खेल को शामिल करने की मांग की जिस पर खडेला विधायक ने इस हेतु अपनी ओर से पूरा सहयोग करने का आश्वासन दिया इस अवसर हॉकी सीकर के पदाधिकारी रिछपाल सिंह, गणेश राम, कमलेश नहेरा, महेश पुनिया एवं हॉकी प्रेमी उपस्थित रहे आपके द्वारा राष्ट्रीय खेल हॉकी के लिए समय देने के लिए सभी का आभार।

जोधपुर में छात्राओं के यौन उत्पीड़न मामले में आरोपी प्रोफेसर गिरफ्तार

संचार जगत

जोधपुर। जोधपुर के करवड़ स्थित आयुर्वेद विश्वविद्यालय के कॉलेज ऑफ नेचुरोपैथी एंड योगिक साइंसेज में छात्राओं के यौन उत्पीड़न के आरोपों से जुड़े मामले में पुलिस ने आरोपी असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. अजीत सिंह चारण को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया। अदालत ने आरोपी को 2 दिन की पुलिस रिमांड पर भेज दिया है। एडीसीपी नरेंद्र सिंह देवड़ा के मुताबिक, पुलिस रिमांड के दौरान आरोपी से पूछताछ की जाएगी और उसके मोबाइल से डेटा खंगाला जाएगा। मामले में सामने आई चैट में प्रिंसिपल और अन्य प्रोफेसरों की भूमिका को लेकर भी सवाल उठ रहे हैं। शिकायत के अनुसार, छात्रा ने आरोप लगाया कि आरोपी ने जनवरी से लेकर अब तक कई बार अश्लील व्यवहार किया, अभद्र भाषा का इस्तेमाल किया और पीछा कर यौन उत्पीड़न जैसी हरकतें कीं। मामला सामने आने और शनिवार को छात्रों के प्रदर्शन के बाद विश्वविद्यालय प्रशासन ने आरोपी को बर्खास्त कर दिया था।

किसानों को मांग के अनुरूप समय पर मिले यूरिया एवं डीएपी

वितरण व्यवस्था में किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं : कृषि आयुक्त

संचार जगत

जयपुर। प्रदेश में रबी सीजन के दौरान किसानों को उनकी आवश्यकता के अनुरूप यूरिया एवं डीएपी सहित सभी उर्वरकों की समयबद्ध एवं सुगम उपलब्धता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से मंगलवार को कृषि आयुक्त श्री नरेश कुमार गोयल एवं राजफैड के प्रबंध निदेशक श्री सौरभ स्वामी की संयुक्त अध्यक्षता में वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से राज्य स्तरीय समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में प्रदेशभर में उर्वरकों की उपलब्धता, आवंटन, आपूर्ति एवं वितरण व्यवस्था की विस्तृत समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों एवं उर्वरक आपूर्तिकर्ता कम्पनियों को आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए गए।

कृषि आयुक्त श्री नरेश कुमार गोयल ने कहा कि किसानों को उनकी वास्तविक आवश्यकता के अनुरूप समय पर उर्वरक उपलब्ध कराना विभाग की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने निर्देश दिए कि यूरिया एवं डीएपी का जिलेवार आवंटन संबंधित क्षेत्रों की वास्तविक खपत, फसलों की आवश्यकता एवं मांग के अनुरूप किया जाए, ताकि किसी भी जिले में उर्वरकों की अनावश्यक कमी अथवा असंतुलित वितरण की स्थिति उत्पन्न नहीं हो। उन्होंने कहा कि उर्वरक वितरण व्यवस्था को अधिक पारदर्शी, प्रभावी एवं किसान हितैषी बनाया जाए। किसानों को उर्वरक प्राप्त करने के लिए अनावश्यक परेशानी का सामना नहीं करना पड़े तथा उन्हें निकटतम वितरण केन्द्रों पर आसानी से उर्वरक उपलब्ध हो सके।



उर्वरकों की टैगिंग पर सख्ती, किसानों को अनावश्यक खरीद के लिए बाध्य नहीं करें

गोयल ने स्पष्ट निर्देश दिए कि किसानों को यूरिया एवं डीएपी के साथ अन्य उत्पादों की अनिवार्य खरीद के लिए बाध्य नहीं किया जाए। उर्वरकों की बिक्री में किसी भी प्रकार की अवांछित टैगिंग नहीं होनी चाहिए। किसानों को उनकी मांग एवं आवश्यकता के अनुसार बिना किसी अतिरिक्त शर्त के उर्वरक उपलब्ध कराना सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि उर्वरक वितरण केन्द्रों की नियमित निगरानी की जाए तथा किसानों को निर्धारित दरों पर सुगमता से उर्वरक उपलब्ध कराया जाए।

उर्वरकों के डायवर्जन एवं कालाबाजारी पर रखें विशेष निगरानी

कृषि आयुक्त ने कहा कि किसानों के लिए आवंटित उर्वरकों का उपयोग कृषि कार्यों में ही सुनिश्चित किया जाए। उर्वरकों के अवैध भंडारण, गैर-कृषि कार्यों में डायवर्जन एवं कालाबाजारी की रोकथाम के लिए विभागीय अधिकारी विशेष सतर्कता बरतें। उर्वरकों की आपूर्ति से लेकर अंतिम वितरण तक प्रभावी निगरानी रखी जाए तथा किसी भी प्रकार की अनियमितता सामने आने पर नियमानुसार सख्त कार्रवाई की जाए।

संतुलित उर्वरक उपयोग के लिए किसानों को करें जागरूक

गोयल ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि किसानों को संतुलित उर्वरक उपयोग के प्रति व्यापक स्तर पर जागरूक किया जाए। उन्होंने कहा कि फसलों में आवश्यकता से अधिक यूरिया का प्रयोग करने के बजाय मृदा स्वास्थ्य एवं फसल की पोषक तत्वों की आवश्यकता के अनुरूप उर्वरकों के संतुलित उपयोग को प्रोत्साहित किया जाए। कृषि विभाग के अधिकारी फील्ड स्तर पर किसानों को उर्वरकों की उचित मात्रा, उपयोग की सही विधि एवं संतुलित पोषण के लाभों की जानकारी दें, ताकि कृषि उत्पादन में वृद्धि के साथ मिट्टी की उर्वरता भी बनी रहे।

किसानों की सुविधा एवं सुचारु आपूर्ति व्यवस्था को दें प्राथमिकता : सौरभ स्वामी

राजफैड के प्रबंध निदेशक सौरभ स्वामी ने उर्वरकों की आपूर्ति एवं वितरण व्यवस्था की समीक्षा करते हुए कहा कि किसानों को समय पर उर्वरक उपलब्ध कराने के लिए कृषि एवं सहकारिता विभाग के अधिकारी आपसी समन्वय से कार्य करें। उर्वरकों की मांग, उपलब्ध स्टॉक एवं वितरण की नियमित समीक्षा की जाए, जिससे किसानों को अनावश्यक परेशानी नहीं हो। उन्होंने निर्देश दिए कि उर्वरक आपूर्तिकर्ता कम्पनियां निर्धारित आवंटन के अनुरूप समयबद्ध आपूर्ति सुनिश्चित करें तथा जिला स्तर पर संबंधित अधिकारियों के साथ निरंतर समन्वय बनाए रखें। बैठक में कृषि विभाग के खण्डीय एवं जिला स्तरीय अधिकारी, सहकारिता विभाग के समस्त जिला स्तरीय अधिकारी तथा यूरिया एवं डीएपी उर्वरक आपूर्तिकर्ता कम्पनियों के राज्य स्तरीय अधिकारियों ने वीसी सेटअप के माध्यम से भाग लिया।

राजस्थान के 16 आरएएस अफसर बने आईएएस

संचार जगत

जयपुर। राजस्थान प्रशासनिक सेवा के 16 अधिकारियों के भारतीय प्रशासनिक सेवा में प्रमोशन का रास्ता साफ हो गया है। केंद्रीय कार्मिक और प्रशिक्षण विभाग ने इसके औपचारिक आदेश जारी कर दिए हैं। पदोन्नत होने वाले इन अधिकारियों में आरएएस एसोसिएशन के अध्यक्ष महावीर खराड़ी भी शामिल हैं। पदोन्नत होने वाले ये अधिकारी मुख्य रूप से 1998 और 1999 बैच के आरएएस अफसर हैं। आईएएस बनने वाले इन 16 अफसरों में तीन महिला अधिकारी भी शामिल हैं। पिछले महीने ही आरएएस से आईएएस में प्रमोशन के लिए यूपीएससी की चयन समिति की बैठक आयोजित हुई थी। खास बात यह है कि यह पहली बार था जब यह बैठक दिल्ली की बजाय जयपुर में हुई थी, जिसमें 18 अफसरों के नाम प्रस्तावित किए गए थे और अंततः 16 अधिकारियों के नामों पर मुहर लगी। 2025 की वैकेंसी के आधार पर हुए इन प्रमोशन के बाद फिलहाल ये सभी अधिकारी अपने वर्तमान पदों पर ही कार्य करते रहेंगे। राज्य में चल रहे पंचायतीराज चुनावों के कारण लगी आचार संहिता के चलते फिलहाल ट्रांसफर लिस्ट आने की संभावना नहीं है।

सरकारी अस्पतालों में दवाइयों का गहराया संकट

संचार जगत

जयपुर। पिछले डेढ़ से दो साल में दवा खरीद के टेंडर और उनकी गुणवत्ता जांच में बरती गई अनियमितताओं के कारण सरकारी अस्पतालों में आवश्यक दवाइयों का गंभीर संकट गहरा गया है। इस मामले में प्रदेश के सरकारी अस्पतालों में मुफ्त दवाइयों की आपूर्ति करने वाली मुख्य एजेंसी राजस्थान मेडिकल स्वास्थ्य कॉर्पोरेशन लिमिटेड की बड़ी लापरवाही और अनियमितताएं सामने आई हैं।

जोश में होश गंवा बैठी कांग्रेस

कांग्रेस पार्टी और विपक्षी इंडिया गठबंधन के दल एक सप्ताह से कर रहे दिल्ली विरोध-प्रदर्शन

संचार जगत

दिल्ली। राहुल गांधी की अगुवाई में कांग्रेस पार्टी और विपक्षी इंडिया गठबंधन के घटक दल करीब एक सप्ताह से दिल्ली में विरोध-प्रदर्शन कर रहे हैं। ये लोग वोट चोरी का आरोप लगा एसआईआर और मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के मुद्दे पर एक माहौल बनाने और नरेंद्र मोदी सरकार के खिलाफ असंतुष्टों की भीड़ जमा करने में कामयाब रहे। सुप्रीम कोर्ट तक मार्च कर वहां याचिका भी दायर कर दी गई। मामला अदालत तक पहुंचने के बाद केरल कांग्रेस ने एक ऐसी गलती कर दी, जिससे कांग्रेस कुछ समझ पाती, उससे पहले राजनीति का रायता पूरी तरह बिखर गया और तुरंत अपनी गलती को समझते हुए बैकफुट पर आकर उस ट्वीट को हटा दिया।

दरअसल, हुआ यह कि दिल्ली में जारी विरोध-प्रदर्शनों से जुड़े एक सवाल के जवाब में देश के मुख्य न्यायाधीश जस्टिस सूर्यकांत ने कहा था कि यह कानून-व्यवस्था से जुड़ा मामला है। यह मेरा मुद्दा नहीं है। मैं इस पर कोई टिप्पणी नहीं करूंगा।

उनकी इसी टिप्पणी से खफा कांग्रेस की केरल यूनिट ने सोशल मीडिया एक्स पर लिखा कि अगर कानून और व्यवस्था संभालना उनका काम नहीं है, तो वे इस्तीफा दे दें। ट्वीट में साफ-साफ लिखा गया, 'प्रिय सूर्यकांत, अगर कानून-व्यवस्था संभालना आपके बस की बात नहीं है, तो अभी इस्तीफा दे दें। हम आपका विकल्प ढूंढ़ लेंगे जो इसे संभाल सके। कांग्रेस के इस ट्वीट पर राजनीतिक गलियारों में हंगामा मच गया। भाजपा के नेताओं ने कांग्रेस पर हमला बोलना शुरू कर दिया। पार्टी ने भी सोशल मीडिया पर ट्वीट के जरिये कहा कि यह सिर्फ उस परिवार की सोच है जो मानता है कि हर संस्था को गांधी परिवार के सामने झुकना चाहिए। इसमें आगे कहा गया है कि जैसे ही कोई संस्था उनके इशारों पर नाचने से मना करती है, कांग्रेस उसकी विश्वसनीयता पर सवाल उठाने लगती है।

सुप्रीम कोर्ट बार एसोसिएशन ने भी सीजेआई सूर्यकांत के इस्तीफे की मांग करने वाले इस सोशल मीडिया पोस्ट की निंदा की है। जब चारों ओर हंगामा मचने लगा तो केरल कांग्रेस ने उस पोस्ट को हटा दिया।

मुख्य सचिव ने एथेंस में ईजीपीए की अध्यक्ष के साथ यूरोपीय लोक प्रशासन पर की चर्चा

रोम सम्मेलन के प्रमुख विषयों को आगे बढ़ाने और संचालन समिति की आगामी बैठक के एजेंडे पर हुआ विचार-विमर्श

संचार जगत

जयपुर। राजस्थान के मुख्य सचिव एवं इंटरनेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ एडमिनिस्ट्रेटिव साइंसेज (आईआईएएस) के अध्यक्ष वी. श्रीनिवास ने मंगलवार को ग्रीस की राजधानी एथेंस में यूरोपियन ग्रुप फॉर पब्लिक एडमिनिस्ट्रेशन (ईजीपीए) की अध्यक्ष प्रो. डॉ. सबीने कूलमान के साथ बैठक की।

बैठक में रोम में आयोजित ईजीपीए-2026 सम्मेलन के सफल आयोजन और सम्मेलन से जुड़े आगामी कार्यक्रमों पर विचार-विमर्श किया गया। इस दौरान पोप लियो चौदहवें के संदेश 'मैग्निफिका ह्यूमैनिटास' से जुड़े आगामी कार्यक्रमों पर भी चर्चा हुई। साथ ही यूरोपीय लोक प्रशासन को सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से 29 अक्टूबर, 2026 को प्रस्तावित ईजीपीए संचालन समिति की बैठक के एजेंडे पर विचार-विमर्श किया गया।



यह बैठक एथेंस में आयोजित इंटरनेशनल एसोसिएशन ऑफ स्कूल्स एंड इंस्टीट्यूट्स ऑफ एडमिनिस्ट्रेशन (आईएएसआईए) के वर्ष 2026 के अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन के दौरान मुख्य सचिव के विभिन्न कार्यक्रमों का हिस्सा रही।

8 से 13 अक्टूबर तक जिला परिषद के लिए 234 तथा प्रथम चरण की पंचायत समितियों के लिए 3 नामांकन प्राप्त

संचार जगत

जयपुर। पंचायती राज संस्थाओं के चुनाव के तहत जयपुर जिले में नामांकन प्रक्रिया की जानकारी देते हुए जिला निर्वाचन अधिकारी (पंचायत) संदेश नायक ने बताया कि जिला परिषद एवं पंचायत समिति वार प्राप्त नामांकनों के अनुसार, 13 अक्टूबर को जिला परिषद के विभिन्न वार्ड समूहों के लिए कुल 186 नामांकन प्राप्त हुए, जिनमें भारतीय जनता पार्टी के 56, भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के 80 तथा अन्य के 50 नामांकन शामिल हैं। वहीं, 8 से 13 अक्टूबर 2026 तक जिला परिषद के लिए कुल 234 नामांकन प्राप्त हुए हैं, जिनमें भाजपा के 65, कांग्रेस के 110 तथा अन्य के 59 नामांकन शामिल हैं।

जिला परिषद के वार्ड समूहवार स्थिति के तहत 13 अक्टूबर को वार्ड 1 से 10 में 35, वार्ड 15 से 26 में 30, वार्ड 11 से 14 एवं 51 से 57 में 35, वार्ड 27 से 37 में 53 तथा वार्ड 38 से 50 में 33 नामांकन प्राप्त हुए। इसके साथ ही, 8 से 13 अक्टूबर की अवधि में वार्ड समूहवार कुल स्थिति के अनुसार वार्ड 1 से 10 में 43, वार्ड 15 से 26 में 45, वार्ड 11 से 14 एवं 51 से 57 में 40, वार्ड 27 से 37 में 60 तथा वार्ड 38 से 50 में 33 नामांकन दर्ज किए गए। उन्होंने बताया कि प्रथम चरण में शामिल 8 पंचायत समितियों में 8 से 13 अक्टूबर तक कुल 603 नामांकन प्राप्त हुए, जिनमें भाजपा के 180, कांग्रेस के 250 तथा अन्य के 173 नामांकन शामिल हैं। पंचायत समिति वार विवरण के अनुसार इस अवधि में गोविंदगढ़ में 94, चौमूं में 104, किशनगढ़ रेनवाल में 75, जोबनेर में 86, झोटवाड़ा में 59, सांभर में 64, दूदू में 59 तथा मौजमाबाद में 62 नामांकन प्राप्त हुए।

जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि इनमें अकेले 13 अक्टूबर को प्रथम चरण की पंचायत समितियों में कुल 428 नामांकन प्राप्त हुए।

मोदी सरकार ने अन्नदाता के सम्मान में गेहूँ एमएसपी बढ़ाकर 2,585 रुपये की

भजनलाल सरकार ने खरीद व्यवस्था को किसान फ्रेंडली बनाने के दिए निर्देश

संचार जगत

जयपुर। केन्द्र सरकार ने रबी विपणन सीजन 2027-28 के लिए गेहूँ के न्यूनतम समर्थन मूल्य 2,585 रूपये कर दिया है। केन्द्र ने एग्रीस्टैक डिजिटल प्लेटफॉर्म के अंतर्गत किसान की फार्मर आईडी बनाकर उनकी पहचान, भूमि अभिलेख, फसल बुवाई आदि से समग्र कृषि डेटा तैयार किया गया है। आगामी रबी सीजन 2027–28 की गेहूँ खरीद से किसान पंजीकरण हेतु फार्मर आईडी को अनिवार्य कर दिया गया है। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने निर्देश दिए हैं कि इस खरीद व्यवस्था में किसानों को कोई दिक्कत न हो। इसकी अनुपालना में मंगलवार को खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग के शासन सचिव अम्बरीष कुमार की अध्यक्षता में सचिवालय में हुई बैठक में भू-प्रबंधन विभाग, एग्रीस्टैक PMU, व एनआईसी टीम भी सम्मिलित हुई। बैठक में विचार-विमर्श के बाद आगामी विपणन सीजन में गेहूँ खरीद के लिए किसान पंजीकरण हेतु फार्मर आईडी अनिवार्य करने के लिए एनआईसी को खरीद पोर्टल में आवश्यक प्रावधान करने हेतु निर्देशित किया गया। अम्बरीष कुमार ने बताया कि किसानों से अपेक्षा है कि वे आगामी खरीद सीजन को ध्यान में रखते हुए समय रहते ई-मित्र अथवा अन्य माध्यम से फार्मर आईडी बनवाने की प्रक्रिया पूर्ण कर लें जिससे गेहूँ विक्रय हेतु पंजीकरण के समय किसी प्रकार की परेशानी न हो। इससे राज्य में एग्रीस्टैक के प्रभावी क्रियान्वयन से किसानों का डिजिटल रेकार्ड तैयार करने, पंजीकरण प्रक्रिया को सुव्यवस्थित बनाने तथा अधिक पारदर्शी एवं प्रभावी बनाने में सहायता मिलेगी।

पंचायती राज चुनाव के लिए जिला निर्वाचन अधिकारी के निर्देशन में हुआ ईवीएम का प्रथम रेंडमाइजेशन

संचार जगत

जयपुर। पंचायती राज आम चुनाव 2026 के अंतर्गत जयपुर जिले की समस्त 22 पंचायत समितियों के समस्त चरणों के लिए मंगलवार को ईवीएम मशीनों का प्रथम रेंडमाइजेशन जिला निर्वाचन अधिकारी (पंचायत) संदेश नायक के निर्देशन में अतिरिक्त जिला कलक्टर चतुर्थ आशीष कुमार, राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों एवं संबंधित अधिकारियों की उपस्थिति में कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित हुआ।



जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि राज्य निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार पंचायतीराज चुनाव पूर्ण स्वतंत्रता, निष्पक्षता के साथ संपन्न कराने के लिए जिले में सभी 22 पंचायत समितियों के अंतर्गत आने वाली 597 ग्राम पंचायतों के 2094 बूथों के 5115 बैलेट यूनिट तथा 5115 ही कंट्रोल यूनिट के लिए रैण्डमाइजेशन किया गया है। द्वितीय चरण का रैण्डमाइजेशन 16 अक्टूबर 2026 को होगा जिसमें यह तय किया जाएगा कि कौनसे बूथ पर कौनसी ईवीएम मशीन चुनाव कार्य हेतु उपयोग में ली जाएगी।

विश्वकर्मा औद्योगिक क्षेत्र के उद्यमियों के हितों की रक्षा हेतु रीको ने एनजीटी में आवेदन प्रस्तुत किया

संचार जगत

जयपुर। विश्वकर्मा औद्योगिक क्षेत्र, जयपुर में ग्राम बीड पापड की भूमि खसरा नं. 7/2 से संबंधित समस्या के समाधान तथा प्रभावित उद्यमियों के हितों की रक्षा के लिए रीको द्वारा राष्ट्रीय हरित अधिकरण (एनजीटी), भोपाल के समक्ष विविध प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किए गए हैं।

इसमें निवेदन किया गया है कि ग्राम बीड पापड की भूमि पर कई औद्योगिक इकाइयां कार्यरत हैं अतः उद्यमियों के हितों का ध्यान रखते हुए रीको द्वारा विश्वकर्मा औद्योगिक क्षेत्र में ही अन्य स्थान पर 2.9087 हेक्टेयर भूमि वन प्रयोजन के लिए आरक्षित की जाएगी। साथ ही, प्रस्तावित भूमि पर वनीकरण करने का संपूर्ण व्यय भी रीको द्वारा वहन करने की पेशकश की गई है।

उल्लेखनीय है कि एनजीटी, भोपाल द्वारा दिनांक 16 सितंबर, 2026 को कमलकांत तिवाड़ी द्वारा प्रस्तुत आवेदन पर सुनवाई करते हुए वन विभाग को इस खसरा संख्या 7/2 की 2.9087 हेक्टेयर भूमि का कब्जा प्राप्त करने के निर्देश दिए गए थे।

इस आदेश से संबंधित उद्यमियों पर पड़ने वाले प्रतिकूल प्रभावों को ध्यान में रखते हुए रीको द्वारा एनजीटी, भोपाल के समक्ष वैकल्पिक व्यवस्था का प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया है। इसके तहत रीको ने प्रार्थना की है कि रीको विश्वकर्मा औद्योगिक क्षेत्र में ही अन्य स्थान पर 2.9087 हेक्टेयर भूमि वन प्रयोजन के लिए आरक्षित करेगा एवं प्रस्तावित भूमि पर वनीकरण करने का संपूर्ण व्यय भी रीको द्वारा वहन किया जायेगा।

रीको के इस प्रार्थना पत्र पर एनजीटी द्वारा शीघ्र सुनवाई किए जाने की संभावना है। मामले में उद्यमियों के हितों की रक्षा करने तथा अधिकरण के समक्ष रीको का पक्ष प्रभावी ढंग से प्रस्तुत करने के उद्देश्य से रीको द्वारा अतिरिक्त महाधिवक्ता एवं वरिष्ठ अधिवक्ता की नियुक्ति भी की गई है।

रीको द्वारा इस मामले में उद्यमियों के हितों का पूरा ध्यान रखा जा रहा है, साथ ही वैधानिक प्रक्रिया के माध्यम से समुचित समाधान भी किया जा रहा है।

ज्ञान को शक्ति, चरित्र को पहचान और कर्म को राष्ट्र की प्रगति का आधार बनाएं : विधानसभा अध्यक्ष



संचार जगत

जयपुर। राजस्थान विधान सभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी की पहल पर आयोजित विधान सभा जन-दर्शन कार्यक्रम के अंतर्गत मंगलवार को अजमेर के सतगुरु इंटरनेशनल स्कूल के छात्र-छात्राओं ने राजस्थान विधान सभा का शैक्षणिक भ्रमण किया। इस दौरान विद्यार्थियों ने विधानसभा सदन, भवन तथा राजनीतिक आख्यान संग्रहालय का अवलोकन कर प्रदेश की लोकतांत्रिक व्यवस्था, विधायी प्रक्रिया और संसदीय परंपराओं के बारे में जानकारी प्राप्त की।

देवनानी ने विद्यार्थियों से संवाद करते हुए उनकी पढ़ाई, रुचियों और खेलकूद सहित विभिन्न गतिविधियों के बारे में जानकारी ली। उन्होंने विद्यार्थियों को जीवन में निरंतर सीखने, अपने लक्ष्य के प्रति समर्पित रहने और प्रत्येक अवसर का सदुपयोग करने के लिए प्रेरित किया।

उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों को अपने ज्ञान का निरंतर विस्तार करते हुए ऐसा व्यक्तित्व विकसित करना चाहिए, जिसमें शिक्षा के साथ संस्कार, अनुशासन और कर्तव्यबोध का समन्वय हो। यही गुण उन्हें जीवन में सफलता प्राप्त करने और समाज एवं राष्ट्र के प्रति अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन करने में सक्षम बनाते हैं। देवनानी ने कहा कि विद्यार्थी जीवन भविष्य की नींव रखने का महत्वपूर्ण समय है। इस काल में अर्जित ज्ञान, विकसित दृष्टिकोण और आत्मसात किए गए मूल्य जीवन की दिशा निर्धारित करते हैं। विद्यार्थियों को बड़े लक्ष्य निर्धारित करने, कठिन परिश्रम करने तथा अपनी क्षमताओं को पहचान कर उन्हें निरंतर निखारने का प्रयास करना चाहिए। उन्होंने विद्यार्थियों को संदेश दिया कि अपने ज्ञान को अपनी शक्ति, अपने चरित्र को अपनी पहचान और अपने कर्म को राष्ट्र की प्रगति का आधार बनाएं। विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने विद्यार्थियों को राष्ट्र प्रथम की भावना अपनाने का आह्वान करते हुए कहा कि लोकतंत्र की मजबूती जागरूक, जिम्मेदार और कर्तव्यनिष्ठ नागरिकों पर निर्भर करती है। भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों ने विधानसभा सदन की कार्यप्रणाली, विधायी गतिविधियों तथा संसदीय परंपराओं को समझा। राजनीतिक आख्यान संग्रहालय के अवलोकन से उन्हें राजस्थान की राजनीतिक एवं लोकतांत्रिक यात्रा के विभिन्न पहलुओं को जानने का अवसर मिला है। विद्यार्थियों ने विधानसभा भ्रमण को ज्ञानवर्धक और प्रेरणादायी अनुभव बताते हुए देवनानी का आभार व्यक्त किया। इस शैक्षणिक भ्रमण ने उन्हें लोकतांत्रिक संस्थाओं की भूमिका को समझने तथा नागरिक के रूप में अपने दायित्वों के प्रति जागरूक होने का अवसर प्रदान किया। विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी का विद्यालय के निदेशक राजा डी. थारवानी ने पुष्प गुच्छ भेंट कर अभिवादन किया और बच्चों को विधान सभा देखने का मौका देने के लिए आभार ज्ञापित किया।



मेहनत, लगन और समर्पण को मिला सम्मान, छह पुलिसकर्मी बने 'कॉन्स्टेबल ऑफ द मंथ'

संचार जगत

जयपुर। पुलिस आयुक्त सचिन मित्तल ने मंगलवार को पुलिस आयुक्तालय पर आयोजित कार्यक्रम में उत्कृष्ट, सराहनीय, मेहनत, लगन एवं समर्पण से कार्य करने वाले छह पुलिसकर्मियों को 'कॉन्स्टेबल ऑफ द मंथ' अवॉर्ड से सम्मानित किया। पुलिस आयुक्त मित्तल ने कहा कि जयपुर पुलिस का ध्येय 'आमजन में विश्वास और अपराधियों में भय' की भावना को साकार करना है। इसी उद्देश्य से पुलिसकर्मियों के उत्कृष्ट कार्यों को पहचान देकर सम्मानित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि इससे पुलिसकर्मियों का मनोबल बढ़ेगा तथा वे और अधिक लगन, मेहनत एवं समर्पण के साथ जनसेवा के लिए प्रेरित होंगे।

'अपराध नियंत्रण और जनसेवा में निभाई महत्वपूर्ण भूमिका'

सितम्बर माह 2026 के ''कॉन्स्टेबल ऑफ द मंथ'' पुरस्कार के लिए जिला पूर्व से चिन्हित हेमन्त फौजदार कानि. डीएसटी जिला पूर्व ने रामनगरिया थाना क्षेत्र में हुई बैंक लूट की वारदात का 48 घण्टे में खुलासा करने में विशेष भुमिका निभायी एवं थाना गांधीनगर के एनडीपीएस प्रकरण में 50.07 ग्राम स्मैक बरामदगी करवाने में अहम योगदान दिया।

जिला पश्चिम के राम कानि. पुलिस थाना बिन्दायका ने थाना क्षेत्र के प्रेस्टीज गार्डन कॉलोनी में हुयी गर्भवती महिला की हत्या कर दफनाने के मामले में कानि. ने मुखबीर व तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर आगरा-लखनउ एक्सप्रेस हाईवे रूट पर जाने वाली स्लीपर बसों को चैक करके मुल्जिम प्रवेश रावत उर्फ हग्गु को गिरफ्तार करवाने में अहम भुमिका रही।

जिला उत्तर के राजू सिंह कानि. पुलिस थाना गलतागेट ने प्रकरण संख्या 251/2026 में वांछित माल मशरूका को बरामद करने व अन्य आपराधिक प्रकरणों में 15 मोटरसाईकिलों को बरामद करने में महत्वपूर्ण सहयोग किया। जिला दक्षिण के विनोद कुमार कानि. पुलिस थाना शिवदासपुरा ने 5 पेंडिग वारंटो, 6 सम्मनों की तामिल करवाकर निस्तारण करवाने तथा वांछित अपराधियों को गिरफ्तार करवाने में महत्वपूर्ण सहयोग किया।

शुद्ध आहार-मिलावट पर वार अभियान: दीपावली से पहले मिलावटखोरों पर खाद्य सुरक्षा विभाग की कार्रवाई तेज

भजनलाल शर्मा एवं चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री के मार्गदर्शन में जयपुर में फ्लिपकार्ट मिनट्स डार्क स्टोर में मिलीं अनियमितताएं, खाद्य पदार्थों के नमूने लिए

संचार जगत

जयपुर। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा एवं चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री गजेन्द्र सिंह खींवसर के मार्गदर्शन में दीपावली पर शुद्ध एवं सुरक्षित खाद्य पदार्थ उपलब्ध कराने के लिए 'शुद्ध आहार-मिलावट पर वार' अभियान के तहत जांच की जा रही है। चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग की प्रमुख शासन सचिव गायत्री राठौड़ के निर्देशानुसार तथा खाद्य सुरक्षा आयुक्त अविचल चतुर्वेदी के मार्गदर्शन में केंद्रीय दल और जयपुर-I एवं जयपुर-II की टीमों ने मिठाई की दुकानों, दूध-पनीर विक्रेताओं और डार्क स्टोर्स का निरीक्षण किया।







फ्लिपकार्ट मिनट्स डार्क स्टोर में मिली अनियमितताएं

शिकायत पर सांगानेर स्थित फ्लिपकार्ट मिनट्स डार्क स्टोर के निरीक्षण में चिलर रूम में गंदगी, खराब भंडारण व्यवस्था, क्षतिग्रस्त पैकेट और कुछ उत्पादों की सामग्री सूची पर बारकोड स्टिकर लगे मिले। टीम ने क्षतिग्रस्त पैकेजिंग वाले उत्पाद नष्ट करवाए तथा रिच देसी घी और सुरभि टोमेटो कैचअप के नमूने लिए। प्रबंधन को स्वच्छता, सुरक्षित भंडारण और सही लेबलिंग के निर्देश दिए गए।

मिठाई, दूध, घी और अन्य खाद्य पदार्थों के नमूने लिए

जयपुर-I की टीम ने रावत मिष्ठान भंडार से मावा मिठाई, अखरोट बर्फी, मक्खन बड़ा, खाद्य तेल और समोसे के नमूने लिए। वैशाली नगर के दूध भंडारों एवं जयपुर पनीर प्रतिष्ठानों का भी निरीक्षण किया गया। जयपुर-II की टीम ने मोहननी इंडस्ट्रीज से बेसन और आटे, जेप्टो डार्क स्टोर से सरस घी एवं बेसन के लड्डू, सोडाणी स्वीट्स से इमरती, रघुनंदन स्वीट्स से मावा मिठाई और श्याम एंड कंपनी से घी के नमूने लिए। राजवाड़ी कचौरी से प्रयुक्त खाद्य तेल तथा आइस स्पाइस से पैटीज का नमूना भी लिया गया। पैकेजिंग संबंधी कमियों पर सुधार नोटिस जारी करने की कार्रवाई प्रस्तावित की गई।

विद्यार्थियों को भी किया जागरूक

जयपुर के सेंट जेवियर्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल में मोबाइल फूड टेस्टिंग लैब एवं मिलेट्स (श्रीअन्न) स्टॉल के माध्यम से विद्यार्थियों को सुरक्षित एवं संतुलित खान-पान, खाद्य पैकेट पर लिखी जानकारी पढ़ने और श्रीअन्न के पोषण संबंधी लाभों के बारे में बताया गया।




गिल रिकॉर्ड पांचवीं बार चुने गए प्लेयर ऑफ द मंथ, शेफाली भी सम्मानित

नई दिल्ली/संचार जगत

भारतीय कप्तान शुभमन गिल को आईसीसी ने रिकॉर्ड पांचवीं बार महीने का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुना जबकि सलामी बल्लेबाज शेफाली वर्मा को एशिया कप और एशियाई खेलों में शानदार प्रदर्शन के लिये महिला वर्ग में यह सम्मान मिला। शुभमन ने वेस्टइंडीज की कप्तान हाले मैथ्यूज की बराबरी कर ली, जो पांच बार यह सम्मान पा चुकी हैं।

शुभमन को इससे पहले जनवरी और सितंबर 2023 और फरवरी और जुलाई 2025 में चुना गया था। शुभमन ने कहा,' पांचवीं बार आईसीसी महीने का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुना जाना अच्छा लग रहा है। मैं इस सम्मान के लिये पैनल को धन्यवाद देता हूं।' गिल ने दूसरे मैच में 133 गेंद में 223 रन बनाए थे, जिसके दम पर भारत ने 406 रन का लक्ष्य 39 गेंद बाकी रहते हासिल करके 8 विकेट से जीत दर्ज की थी।



शेफाली ने एशिया कप में बनाए सर्वाधिक रन

शेफाली ने पिछले साल नवंबर में विश्व कप फाइनल में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ विजयी पारी खेलने के बाद यह पुरस्कार जीता था। उन्होंने महिला एशिया कप में भारत के लिए सर्वाधिक रन बनाए। एशियाई खेलों में बांग्लादेश के खिलाफ सेमीफाइनल में उन्होंने नाबाद 100 और श्रीलंका के खिलाफ फाइनल में 48 रन बनाए थे।

जीत में योगदान देना अच्छा : शेफाली

शेफाली ने कहा,' यह पुरस्कार फिर हासिल करना सम्मान की बात है। एशिया कप और एशियाई खेलों में खिताबी जीत में योगदान देना अच्छा रहा, जिससे यह जीत और खास हो गई।'



आईसीसी रैंकिंग : 790 अंक के साथ शीर्ष पर स्मृति

दुबई। स्मृति मंधाना ने आईसीसी वनडे महिला बल्लेबाजों की सूची में शीर्ष स्थान कायम रखा है जबकि आस्ट्रेलिया की एलिसे पैरी ताजा रैंकिंग में शीर्ष दस में लौटी। हाल ही में हरमनप्रीत कौर की जगह कप्तान बनाई गई मंधाना 790 अंक के साथ बल्लेबाजों की सूची में शीर्ष पर है। हरमनप्रीत नौवे स्थान पर है। वनडे गेंदबाजों की रैंकिंग में दीप्ति शर्मा एक पायदान नीचे नौवे स्थान पर खिसक गई। महिला टी20 रैंकिंग में शेफाली वर्मा चौथे, मंधाना पांचवें और हरमनप्रीत दसवें स्थान पर है। महिला टी20 गेंदबाजी रैंकिंग में श्रीचरणी और दीप्ति शीर्ष दो में हैं। हरफनमौलाओं की रैंकिंग में दीप्ति शीर्ष दस में अकेली भारतीय हैं और चौथे स्थान पर है। वनडे हरफनमौलाओं की रैंकिंग में वह छठे स्थान पर है। टी20 और वनडे टीम रैंकिंग में भारतीय महिला टीम तीसरे स्थान पर है।

खबर संक्षेप



एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी टीम इंडिया का ऐलान

नई दिल्ली। पंजाब में 27 अक्टूबर से 5 नवंबर तक होने वाली एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी के लिए हरमनप्रीत सिंह की अगुवाई में भारतीय पुरुष हॉकी टीम में एशियाई खेलों में स्वर्ण पदक जीतने वाले अधिकांश खिलाड़ियों को बरकरार रखा गया है लेकिन गोलकीपर कृशन बहादुर पाठक की वापसी हुई है। हरमनप्रीत की कप्तानी में भारत ने लगातार दूसरी बार एशियाई खेलों में स्वर्ण जीतकर लॉस एंजिलिस ओलंपिक के लिए क्वालीफाई किया। एशियाई खेलों और विश्व कप से बाहर रहे पाठक ने वापसी की है जबकि युवा डिफेंडर अमनदीप लाकड़ा और मिडफील्डर आदित्य अर्जुन लालागे भी टीम में हैं। मिडफील्डर विष्णु कांत सिंह और फॉरवर्ड अंगद बीर सिंह 18 सदस्यीय टीम में दो रिजर्व खिलाड़ी हैं। एशियाई चैम्पियंस ट्रॉफी के जरिए पंजाब में दो दशक बाद अंतरराष्ट्रीय हॉकी की वापसी हो रही है । इसके मुकाबले जालंधर और मोहाली में खेले जाएंगे।

पाकिस्तान के खिलाफ टेस्ट खेलेंगे डिसिल्वा



कोलंबो। श्रीलंका ने पाकिस्तान के खिलाफ आईसीसी विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप श्रृंखला के लिए 15 सदस्यीय टीम की घोषणा की, जिसमें कुसल मेंडिस कप्तान होंगे जबकि पूर्व कप्तान धनंजय डिसिल्वा भी टीम में होंगे। श्रीलंका की टी20 और वनडे टीमों की कप्तानी कर चुके 31 वर्ष के मेंडिस कुछ दिन पहले डिसिल्वा की जगह कप्तान बने । 35 वर्ष के डिसिल्वा ने नई पीढी के मौका देने के लिए कप्तानी छोड़ दी थी। पाथुम निसांका को भी टीम में जगह दी गई है बशर्ते वह पहले टेस्ट से पूर्व पूरी तरह से फिट हो जाएं। श्रीलंका टीम नौ नवंबर से शुरू हो रही दो टेस्ट की श्रृंखला के लिये पाकिस्तान जाएगी। मैच रावलपिंडी और लाहौर में होंगे। श्रीलंका इस समय विश्व टेस्ट चैंपियनशिप अंकतालिका में सातवें और पाकिस्तान आखिरी स्थान पर है।

डोपिंग उल्लंघन में निलंबित हुए कोच यूनुस खान



नई दिल्ली। भारत के जाने-माने एथलेटिक्स कोच मोहम्मद यूनुस खान को डोपिंग नियमों के कथित उल्लंघन में शामिल होने के आरोप में अस्थायी रूप से निलंबित कर दिया गया है। खान ने लंबी दूरी के धावक गुलवीर सिंह को उनके शुरुआती करियर में प्रशिक्षण दिया था। पुणे स्थित प्रतिष्ठित सेना खेल संस्थान (एएसआई) में मध्यम और लंबी दूरी के धावकों को प्रशिक्षण देने वाले खान पर राष्ट्रीय डोपिंग रोधी एजेंसी (नाडा) ने अपने नियमों के अनुच्छेद 2.9 के तहत आरोप लगाया है।

चौथा टी-20 आज, पलटवार की कोशिश करेगा वेस्टइंडीज

सीरीज सील करने उतरेगी भारतीय टीम, पावर हिटर्स पर होगी नजर

नई दिल्ली/संचार जगत

शानदार फॉर्म में चल रहे भारतीय बल्लेबाज वेस्टइंडीज के खिलाफ बुधवार को चौथे टी20 मैच में इसी लय को बरकरार रखते हुए शानदार जीत के साथ श्रृंखला अपने नाम करना चाहेंगे। भारत इस समय 2-1 से आगे है और उसे श्रृंखला अपने नाम करने के लिए बस एक जीत की जरुरत है।

वहीं पिछले मैच में करारी हार के बाद वेस्टइंडीज वापसी करके श्रृंखला में बने रहने की कोशिश में होगा। एक बार फिर मैच का रूख दोनों टीमों के 'पावर हिटर्स' पर निर्भर करेगा। भारत के शीर्षक्रम के बल्लेबाज संजू सैमसन, अभिषेक शर्मा और ईशान किशन ने अब तक शानदार प्रदर्शन किया है, जिससे श्रृंखला में अभी तक भारतीय मध्यक्रम पर अधिक दबाव नहीं बना है।



भारतीय गेंदबाजों को करना होगा अनुशासित प्रदर्शन

भारत के गेंदबाजों को अनुशासित प्रदर्शन करना होगा क्योंकि रांची में दूसरे टी20 में जीत के लिए 250 रन का लक्ष्य वेस्टइंडीज ने नौ गेंद बाकी रहते हासिल कर लिया था, जिसमें होप ने 45 गेंद में 102 रन बनाए थे। इंदौर में शिमरोन हेटमायेर (43), कामिल पूरन (42) और स्प्रिंगर (नाबाद 35) ने अच्छी पारियां खेली। अर्शदीप सिंह के तीन विकेट की मदद से भारत ने हालांकि मुकाबला जीता। भारत ने इस मैदान पर पिछली बार टी20 मैच बांग्लादेश के खिलाफ 2024 में खेला था जब 6 विकेट पर 297 रन बनाकर 133 रन से जीत दर्ज की थी। सैमसन ने उस मैच में 43 गेंद में 111 रन बनाए थे और वह एक बार फिर यहां यादगार पारी खेलना चाहेंगे। मैच का समयः शाम 7:00 बजे

दोनों टीमों के सामने चुनौती

शीर्ष तीन के नाकाम रहने पर तिलक वर्मा, नीतीश कुमार रेड्डी और नमन धीर को जिम्मेदारी संभालनी होगी खासकर जब लक्ष्य बड़ा हो। दूसरी ओर वेस्टइंडीज के लिए चुनौती भारतीय रनगति पर अंकुश लगाने की होगी। कप्तान श्रेयस अय्यर ने पहले टी20 में शतक लगाया था जबकि दूसरे मैच में सैमसन और ईशान ने बड़ी पारियां खेली हालांकि यह मैच वेस्टइंडीज ने जीता। तीसरे मैच में अभिषेक का दबदबा रहा। वेस्टइंडीज के हरफनमौला शामार स्प्रिंगर ने स्वीकार किया था कि अभिषेक के फॉर्म में होने पर उनकी टीम के पास रक्षात्मक खेलने क अलावा कोई चारा नहीं रह जाता।

वेस्टइंडीज को करना होगा सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन

वेस्टइंडीज के सलामी बल्लेबाज शेरफान रदरफोर्ड ने अभी तक 189 के स्ट्राइक रेट से 172 रन बनाए हैं। उन्होंने तीन मैचों में 12 छक्के जड़े हैं। कप्तान शाइ होप ने 182 की स्ट्राइक रेट से 159 रन बनाए हैं। विश्व चैंपियन भारत को उसकी धरती पर हराने के लिए हालांकि वेस्टइंडीज को सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना होगा।

रणजी ट्रॉफी

हैदराबाद का शानदार आगाज त्रिपुरा को पारी से हराया



नई दिल्ली/संचार जगत

हैदराबाद ने एलीट ग्रुप बी मुकाबले के तीसरे दिन त्रिपुरा को पारी और 40 रन से हराकर रणजी ट्रॉफी 2026-27 में अपने अभियान का शानदार आगाज किया।

तेज गेंदबाज तनय त्यागराजन और मोहम्मद सिराज ने मिलकर 8 विकेट चटकाए, जिससे हैदराबाद ने दूसरी पारी में त्रिपुरा को 120 रन पर समेट दिया। त्रिपुरा ने दूसरे दिन का खेल समाप्त होने तक 7 विकेट पर 99 रन बनाए थे।

हैदराबाद को इस जीत से बोनस अंक सहित कुल सात अंक मिले। त्यागराजन ने 52 रन देकर 6 विकेट चटकाते हुए त्रिपुरा की बल्लेबाजी की कमर तोड़ दी जबकि भारत के तेज गेंदबाज सिराज ने 9 ओवर में 19 रन देकर 2 विकेट हासिल किए।

मुंबई ने चंडीगढ़ को पारी और 155 रन से हराया

मुंबई। मुंबई ने एलीट ग्रुप डी मुकाबले में चंडीगढ़ को पारी और 155 रन से हराकर अपने अभियान की शानदार शुरुआत की। मुंबई ने 3 दिन के अंदर जीत दर्ज की और बोनस अंक भी हासिल किया। वानखेड़े स्टेडियम में खेले गए इस मुकाबले में मुंबई के गेंदबाजों ने चंडीगढ़ की दूसरी पारी में भी शानदार प्रदर्शन किया। मुंबई ने इससे पहले सोमवार को मैच के दूसरे दिन चंडीगढ़ की पहली पारी महज 78 रन पर समेट कर 351 रन की बढ़त हासिल कर उसे फॉलोऑन दिया। चंडीगढ़ ने दूसरे दिन का खेल समाप्त होने तक एक विकेट गंवाया था। मुंबई के गेंदबाजों ने मंगलवार को मेहमान टीम की दूसरी पारी 52.1 ओवर में 196 रन पर समेट दी। शम्स मुलानी ने 69 रन देकर तीन विकेट लिए, जबकि तनुष कोटियान ने 30 रन देकर तीन विकेट चटकाए। इससे पहले मुंबई ने अपनी पहली पारी में 429 रन का बड़ा स्कोर खड़ा किया था। टीम के लिए कप्तान सिद्धेश लाड ने 86, मुशीर खान ने 65 रन, कोटियन ने 58 और मोहित अवस्थी ने नाबाद 56 रन की पारी खेली थी।

एफवन रेस

फॉर्मूला वन रेस की भारत में वापसी के दिखे संकेत



नई दिल्ली/संचार जगत

फॉर्मूला वन रेस की भारत में वापसी को लेकर चल रही कवायद के बीच प्रणव अडाणी की सिंगापुर ग्रां प्री में निजी यात्रा ने सभी का ध्यान खींचा है। प्रणव निजी तौर पर सिंगापुर जीपी पैडोक में थे और विश्व मोटर स्पोर्टस की संचालन संस्था एफआईए के अतिथि के रूप में मौजूद थे। अडाणी समूह ने कर्जे में डूबे जेपी समूह का अधिग्रहण कर लिया है, जिसमें 2011 से 2013 के बीच फॉर्मूला वन रेस की मेजबानी करने वाला बुद्ध इंटरनेशनल सर्किट भी शामिल है।

वित्तीय चुनौतियों और कर से जुड़े मसलों के कारण उसके बाद भारत में एफवन रेस नहीं हुई। करण अडाणी ने भारत में एफवन रेस के आयोजन की इच्छा जताई थी और भारत सरकार की भी इसमें रुचि है।

भारत में हुआ कार्यबल का गठन

हाल ही में एफवन के भारत में फिर से आयोजन का मार्ग प्रशस्त करने के लिए एक कार्यबल का गठन किया गया है। रेस की वापसी की कोई समय सीमा तय नहीं है लेकिन अडाणी समूह और एफवन प्रबंधन ने इस मामले में बातचीत की है। ऐसे में प्रणव की एफआईए अधिकारियों से मुलाकात काफी मायने रखती है।

भारत में मेरे काफी प्रशंसक : नौरिस

मौजूदा विश्व चैंपियन ड्राइवर लैंडो नौरिस ने सिंगापुर जीपी से पहले कहा था,' मुझे पता है कि भारत में मेरे काफी प्रशंसक हैं। कई साल तक भारतीय ड्राइवर जेहान दारुवाला मेरी टीम में था और मेरे अच्छे दोस्तों में से है।' उन्होंने कहा,' मैं कभी भारत नहीं गया लेकिन जाना चाहता हूं।'

हेलमेट में लगी बॉल, स्मिथ का होगा कनकशन टेस्ट

नई दिल्ली/संचार जगत

आस्ट्रेलिया के अनुभवी बल्लेबाज स्टीव स्मिथ को दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ पहले टेस्ट में तेज गेंदबाज एनरिच नॉर्किया की गेंद हेलमेट पर लगने के बाद कनकशन (सिर में चोट) जांच के लिए भेजा जाएगा। सैतीस वर्ष के स्मिथ को मैच के चौथे दिन सोमवार को नॉर्किया की शॉर्टपिच गेंद को खेलने के प्रयास में चोट लगी। वह दक्षिण अफ्रीका की दूसरी पारी में फील्डिंग के लिए नहीं आए। हरफनमौला ब्यू वेबस्टर ने चौथे दिन के खेल के बाद कहा ,' उम्मीद है कि वह ठीक होगा। गेंद काफी तेजी से लगी है। हम उसके ठीक होने की कामना करते हैं।' क्रिकेट आस्ट्रेलिया की सिर की चोट और कनकशन नीति के तहत स्मिथ को अगले 24 घंटे निगरानी में रखा जाएगा।



कोलकाता में होगा फुटबॉल का रोमांच खेलेंगी बार्सिलोना और रियाल मैड्रिड

नई दिल्ली/संचार जगत

स्पेन के सबसे बड़े फुटबॉल क्लबों बार्सिलोना और रियाल मैड्रिड के दिग्गज खिलाड़ियों के बीच 25 नवंबर को एक प्रदर्शनी मैच का आयोजन होगा। पश्चिम बंगाल के खेल मंत्री इंद्रनील खान ने यह जानकारी दी। यह मैच विवेकानंद युवा भारती क्रीड़ांगन (साल्ट लेक स्टेडियम) में खेला जाएगा।

खान ने अपने आधिकारिक 'एक्स' हैंडल पर एक पोस्ट के जरिए इस आयोजन की घोषणा की। उन्होंने दोनों चिर प्रतिद्वंद्वी क्लबों के पूर्व दिग्गज खिलाड़ियों के बीच होने वाले मुकाबले का संकेत देते हुए लिखा, 'एल क्लासिको की तैयारी जारी... बार्सीलोना लीजेंड्स बनाम रियाल मैड्रिड लीजेंड्स... 25 नवंबर, 2026, विवेकानंद युवा भारती क्रीड़ांगन, कोलकाता।'' यह घोषणा ऐसे समय में हुई है जब इस महीने की शुरुआत में इस प्रतिष्ठित स्टेडियम में भारतीय पुरुष फुटबॉल टीम के दो बड़े अंतरराष्ट्रीय मैत्री मैच आयोजित किए गए थे।



बावुमा की कप्तानी में साउथ अफ्रीका ने पहली बार हारा टेस्ट मैच

द. अफ्रीका को हराकर ऑस्ट्रेलिया ने जीता पहला टेस्ट

नई दिल्ली/संचार जगत

ऑस्ट्रेलिया ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए साउथ अफ्रीका को पहले टेस्ट मैच में 214 रनों से हराया। डरबन के किंग्समीड मैदान पर खेले गए मुकाबले में 421 रनों के विशाल लक्ष्य का पीछा करते हुए साउथ अफ्रीका की पूरी टीम दूसरी पारी में 206 रन बनाकर ऑलआउट हुई।

टेस्ट के पांचवें दिन 102/4 के स्कोर से आगे खेलते हुए साउथ अफ्रीका के बल्लेबाज स्कोरकार्ड में 104 रन जोड़कर आउट हुए। टीम की तरफ से सबसे ज्यादा 75 रन एडेन मार्करम ने बनाए, जबकि डेविड बेडिंगहैम ने 46 रनों का योगदान दिया। रयान रिकेल्टन बल्ले से कुछ खास कमाल नहीं दिखा सके और सिर्फ 2 रन बनाकर आउट हुए।



बेहतरीन लय में हेजलवुड

एनरिक नॉर्टजे को आउट करते हुए हेजलवुड ने ऑस्ट्रेलिया की जीत पर मुहर लगाई। ऑस्ट्रेलिया की ओर से गेंदबाजी में जोश हेजलवुड बेहतरीन लय में दिखाई दिए और उन्होंने दूसरी पारी में साउथ अफ्रीका के छह बल्लेबाजों को पवेलियन भेजा। वहीं, मैट रेनशॉ ने दो और मिचेल स्टार्क और कप्तान पैट कमिंस ने एक-एक विकेट झटका।

सिर्फ एक रन पर आउट हुए रेनशॉ

कप्तान टेंबा बावुमा को मैट रेनशॉ ने सिर्फ एक रन के स्कोर पर पवेलियन भेजा। वहीं, ट्रिस्टन स्टब्स भी एक रन ही बना सके। वियान मुल्डर ने शुरुआत अच्छी की, लेकिन वह 29 रन बनाने के बाद जोश हेजलवुड की गेंद पर एलेक्स कैरी को कैच देकर आउट हुए। विकेटकीपर बल्लेबाज काइल वेरेने भी महज एकर रन बनाकर पवेलियन लौटे। मार्को जानसन टीम के लिए कुछ हद तक संघर्ष करने की कोशिश की, लेकिन वो भी 35 रन बनाने के बाद हेजलवुड की गेंद पर क्लीन बोल्ड हुए। साइमन हार्मर बिना खाता खोले पवेलियन लौटे, तो केशव महाराज एक रन बनाकर नाबाद रहे।

ऑस्ट्रेलिया ने पहली पारी में बनाए थे 390 रन

ऑस्ट्रेलिया ने पहली पारी में मैट रेनशॉ द्वारा खेली गई 190 रनों की लाजवाब पारी के बूते 390 रन बनाए, जिसके जवाब में साउथ अफ्रीका की टीम 284 रन ही बना सकी। ऑस्ट्रेलिया ने इस तरह पहली पारी के आधार पर 106 रनों की बढ़त हासिल की। इसके बाद दूसरी इनिंग में ऑस्ट्रेलिया ने मैट रेनशॉ की 82 और निक मैडिनसन की 48 रनों की पारी के दम पर 6 विकेट खोकर 314 रन बनाने के बाद पारी को घोषित किया और साउथ अफ्रीका के सामने 421 रनों का लक्ष्य रखा।

भारतीय जनता पार्टी ने पंचायतीराज चुनावों के तहत जयपुर जिला परिषद के लिए अपने प्रत्याशियों की पहली आधिकारिक कर दी सूची जारी

संचार जगत

जयपुर। भारतीय जनता पार्टी ने पंचायतीराज चुनावों के तहत जयपुर जिला परिषद के लिए अपने प्रत्याशियों की पहली आधिकारिक सूची जारी कर दी है। पार्टी ने कुल 57 वार्डों में से 55 वार्डों के लिए उम्मीदवारों के नाम घोषित कर दिए हैं, जबकि 2 वार्डों पर प्रत्याशियों के नाम फिलहाल विचाराधीन रखे गए हैं। इस सूची में पार्टी ने महिला प्रतिनिधित्व पर खासा जोर देते हुए 31 वार्डों में महिला उम्मीदवारों पर भरोसा जताया है। पूर्व जिला प्रमुख और सीएम के करीबी को टिकट घोषित सूची में सबसे प्रमुख नामों में पूर्व जिला प्रमुख रमा चौपड़ा शामिल हैं, जिन्हें पार्टी ने वार्ड 18 से एक बार फिर चुनावी मैदान में उतारा है। इसके साथ ही मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के करीबी माने जाने वाले जयपुर दक्षिण के जिला अध्यक्ष राजेश गुर्जर को वार्ड 22 से प्रत्याशी बनाया गया है।

उल्लेखनीय है कि जब राजेश गुर्जर को जयपुर दक्षिण जिला अध्यक्ष का दायित्व सौंपा गया था, तब मुख्यमंत्री स्वयं उनके पदभार ग्रहण समारोह में पहुंचे थे। राजेश गुर्जर को टिकट मिलने के बाद सियासी गलियारों में यह चर्चा जोरों पर है कि यदि जिला परिषद में भाजपा का बोर्ड बनता है, तो वे जिला प्रमुख पद की दौड़ में सबसे प्रबल दावेदार हो सकते हैं।

कारखाना एवं बॉयलर्स निरीक्षण विभाग भर्ती परीक्षा -2025 मॉडल उत्तरकुंजी जारी

संचार जगत

जयपुर। राजस्थान लोक सेवा आयोग द्वारा निरीक्षक (कारखाना एवं बॉयलर्स) परीक्षा - 2025 तथा निरीक्षक (कारखाना - रसायन) परीक्षा - 2025 की मॉडल उतरकुंजियाँ आयोग की वेबसाइट पर जारी कर दी गई हैं। इस संबंध में विस्तृत सूचना आयोग की वेबसाइट पर उपलब्ध है। आयोग के मुख्य परीक्षा नियंत्रक श्री आशुतोष गुप्ता ने बताया कि यदि किसी अभ्यर्थी को इन मॉडल उतरकुंजियाँ पर कोई आपत्ति हो तो निर्धारित शुल्क के साथ 14 से 16 अक्टूबर 2026 को रात्रि 12:00 बजे तक अपनी आपत्ति ऑनलाईन दर्ज करवा सकता है।

पूर्व सांसद रतन सिंह के एक्सईएन बेटे की संदिग्ध मौत का मामला

संचार जगत

जयपुर। भरतपुर से कांग्रेस के पूर्व सांसद रतन सिंह के बेटे और एक्सईएन राजेंद्र प्रताप सिंह की संदिग्ध परिस्थितियों में हुई मौत के मामले में एक बड़ा और सनसनीखेज खुलासा सामने आया है। पूर्व सांसद ने अपनी बहू नीतू सिंह और पोते सौरव सिंह सहित 5 लोगों पर बेटे को जहर देकर मारने, नौकरी और प्रॉपर्टी हड़पने की साजिश रचने और सबूत मिटाने का गंभीर आरोप लगाया है। इस संबंध में 29 सितंबर को जयपुर के जवाहर सर्किल थाने में एफआईआर दर्ज कराई गई थी, जिसकी जानकारी अब सामने आई है। राजेंद्र सिंह 11 सितंबर को जयपुर के मालवीय नगर स्थित अपने घर में बेसुध अवस्था में मिले थे। उन्हें गंभीर हालत में जवाहर सर्किल के पास ईएचसीसी अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। रिपोर्ट के अनुसार, राजेंद्र सिंह और उनकी पत्नी नीतू सिंह के बीच लंबे समय से विवाद चल रहा था और पारिवारिक न्यायालय में तलाक का मामला भी दायर था। करीब 6-7 साल अलग रहने के बाद मई 2026 से वे दोबारा साथ रहने लगे थे, जिसके बाद घर और पैसों को लेकर विवाद और बढ़ गया था। एफआईआर में आरोप लगाया गया है कि 4 सितंबर को नीतू और सौरव ने राजेंद्र के साथ पैसों और मकान को लेकर विवाद किया और जान से मारने की धमकी दी। पूर्व सांसद ने नीतू के पिता और भाइयों पर भी फोन के जरिए धमकी देने का आरोप लगाया है। दूसरी ओर, आरोपी नीतू सिंह के पिता विमल ने पूर्व सांसद द्वारा लगाए गए सभी आरोपों को पूरी तरह बेबुनियाद और झूठा करार दिया है। उनका कहना है कि राजेंद्र के परिजन संपत्ति हड़पने के उद्देश्य से झूठा मुकदमा दर्ज करवा रहे हैं। फिलहाल, पुलिस इस पूरे मामले की तकनीकी साक्ष्यों, कॉल डिटेल्स और अस्पताल की रिपोर्ट के आधार पर गहराई से जांच कर रही है।



शिक्षा एवं पंचायती राज मंत्री मदन दिलावर पहुंचे बॉर्डर की महाकाली के पंडाल में, की मां की आरती

मां काली से प्रदेशवासियों के कल्याण की मंगल कामना की

संचार जगत

कोटा। नवरात्र के तीसरे दिन आज शिक्षा एवं पंचायती राज मंत्री श्री मदन दिलावर ने बॉर्डर की महाकाली के पंडाल पहुंचकर मां दुर्गा की भव्य आरती की और मां दुर्गा से प्रदेश वासियों के कल्याण की मंगल कामना की।

मंत्री मदन दिलावर ने भक्तों के साथ विधि विधान पूर्वक मां दुर्गा की आरती की। इस अवसर पर भाजपा युवा मोर्चा के मंडल अध्यक्ष पुनीत राठौर, जय मां जोगणिया ग्रुप के अजय सालवी,रविंद्र योगी सहित अन्य पदाधिकारी एवं सदस्य सहित स्थानीय महिला पुरुष उपस्थित थे।

13 से 20 अक्टूबर तक चलने वाले आदि बाजार का हुआ उद्घाटन

राजस्थान उच्च न्यायालय के बार एसोसिएशन के महासचिव दीपेश शर्मा ने किया उद्घाटन

आदिवासियों के उत्पादों को विपणन हेतु मिला मंच, इनको आत्मनिर्भर बनाना ट्राइफेड का उद्देश्य

संचार जगत

जयपुर। भारत सरकार के जनजातीय कार्य मंत्रालय के भारतीय जनजाति सहकारी विपणन विकास संघ एवं मर्यादित (ट्राइफेड) द्वारा जनजातीय उद्यमिता, शिल्प,संस्कृति ,व्यंजन, वाणिज्य और आजीविका के उत्सव आदि बाजार का आयोजन 13 से 20 अक्टूबर 2026 तक केके स्क्वायर मॉल सी स्कीम जयपुर में किया जा रहा है।

राजस्थान उच्च न्यायालय के बार एसोसिएशन के महासचिव दीपेश शर्मा द्वारा फीता काटकर मंगलवार को इसका उद्घाटन किया गया। इस अवसर पर उन्होंने बताया कि भारत के माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का उद्देश्य लोकल फॉर वोकल एवं वन धन योजना के माध्यम से भारत के आदिवासी समुदाय को आत्मनिर्भर बनाना हैं। इसी उद्देश्य से ट्राइफेड द्वारा इस बाजार का आयोजन किया जा रहा है ताकि आदिवासी समुदाय के व्यक्तियों को उनके वन धन उत्पादों एवं अन्य जनजातीय उत्पादों को एक मंच मिल सके। ट्राइफेड की क्षेत्रीय प्रबंधक मोनिका चौधरी ने बताया कि आदि बाजार के आयोजन का उद्देश्य आदिवासी जनजाति समुदाय के कारीगरों शिल्पियों को उनके वन धन एवं अन्य उत्पादों को विक्रय हेतु एक मंच प्रदान कर आत्मनिर्भर बनाना है।









स्वास्थ्य सेवाओं में लापरवाही बर्दाश्त नहीं होगी

मौसमी बीमारियों की रोकथाम और उपचार के लिए पुख्ता इंतजाम करें, डेंगू और स्क्रब टाइफस की नियंत्रण गतिविधियों पर विशेष जोर

आशा सहयोगिनियों एवं जननी सुरक्षा योजना के प्रोत्साहन भुगतान समय पर करने के निर्देश,

मातृ स्वास्थ्य, एचआरपी प्रबंधन और एचपीवी टीकाकरण को सर्वोच्च प्राथमिकता देने पर जोर

संचार जगत

जयपुर। चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग की प्रमुख शासन सचिव गायत्री राठौड़ ने मंगलवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से विभागीय अधिकारियों की बैठक लेकर स्वास्थ्य सेवाओं की समीक्षा की। उन्होंने निर्देश दिए कि प्रदेश में स्वास्थ्य सेवाओं को अधिक प्रभावी बनाया जाए तथा आमजन को समय पर गुणवत्तापूर्ण चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध कराना सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने स्पष्ट किया कि स्वास्थ्य सेवाओं में किसी भी स्तर पर लापरवाही नहीं होनी चाहिए। सभी अधिकारी नियमित फील्ड विजिट करें और सेक्टर, ब्लॉक एवं जिला स्तर पर व्यवस्थाओं की निरंतर समीक्षा करें, ताकि सेवा वितरण में सुधार हो और किसी भी प्रकार की नकारात्मक स्थिति उत्पन्न न हो।

राठौड़ ने निर्देश दिए कि कार्मिकों के वेतन संबंधी लंबित मामलों का समयबद्ध निस्तारण किया जाए। आशा सहयोगिनियों के प्रोत्साहन भुगतान तथा जननी सुरक्षा योजना के तहत देय प्रोत्साहन राशि का भुगतान भी निर्धारित समय पर सुनिश्चित किया जाए, ताकि लाभार्थियों एवं स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं को अनावश्यक परेशानी का सामना नहीं करना पड़े।

उन्होंने मातृ स्वास्थ्य सेवाओं को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए गर्भवती महिलाओं के पंजीकरण, एएनसी जांच, हाई रिस्क प्रेग्नेंसी (एचआरपी) की समय पर पहचान और समुचित प्रबंधन की नियमित समीक्षा करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि गर्भवती महिलाओं को समय पर आवश्यक जांच, उपचार और रेफरल सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएं तथा मातृ स्वास्थ्य से जुड़े प्रत्येक प्रकरण की गंभीरता से निगरानी की जाए। प्रमुख शासन सचिव ने मौसमी बीमारियों की रोकथाम एवं नियंत्रण के लिए विशेष सतर्कता बरतने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि डेंगू और स्क्रब टाइफस जैसी बीमारियों की रोकथाम के लिए प्रभावी गतिविधियां संचालित की जाएं। साथ ही, चिकित्सा संस्थानों में इन बीमारियों की जांच, उपचार, आवश्यक दवाइयों और अन्य सुविधाओं की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित की जाए, ताकि मरीजों को समय पर उपचार मिल सके।

उन्होंने 108 एंबुलेंस और 104 जननी एक्सप्रेस सेवाओं का नियमित निरीक्षण करने तथा इनका अधिकतम उपयोग सुनिश्चित करने पर जोर दिया। साथ ही, एचपीवी टीकाकरण के निर्धारित लक्ष्यों को 31 अक्टूबर तक शत-प्रतिशत पूरा करने के निर्देश दिए। इसके लिए पात्र बालिकाओं की पहचान, टीकाकरण सत्रों की प्रभावी योजना और प्रगति की नियमित समीक्षा करने को कहा। राठौड़ ने जिला रेजिडेंसी कार्यक्रम के अंतर्गत कार्यरत चिकित्सकों की सेवाओं का उपयोग अधिक मरीज भार वाले चिकित्सा संस्थानों में करने के निर्देश दिए, ताकि वहां चिकित्सा सेवाओं को सुदृढ़ किया जा सके। उन्होंने जर्जर भवनों का उपयोग नहीं करने तथा आवश्यक मरम्मत एवं रखरखाव कार्य प्राथमिकता से करवाने को कहा। जिन चिकित्सा संस्थानों में सीटी स्कैन एवं एमआरआई मशीनों के संचालन से संबंधित एमओयू का नवीनीकरण लंबित है, वहां जिला कलेक्टर, जिला स्वास्थ्य समिति (डीएचएस) अथवा राजस्थान मेडिकेयर रिलीफ सोसायटी (आरएमआरएस) की अनुमति से आरएमआरएस के माध्यम से सेवाएं जारी रखने की कार्यवाही करने के निर्देश दिए।

उन्होंने टीबी मुक्त भारत अभियान में युवाओं की भागीदारी बढ़ाने के लिए जोश (JOSH) टीमों को सक्रिय करने तथा टीबी की रोकथाम, स्क्रीनिंग, जांच, निदान और उपचार से जुड़ी गतिविधियों में उनकी भागीदारी सुनिश्चित करने को कहा। साथ ही, टीबी की स्क्रीनिंग एवं जांच के लिए उपलब्ध हैंड-हेल्ड मशीनों का शत-प्रतिशत उपयोग सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

प्रमुख शासन सचिव ने भूमि की अनुपलब्धता के कारण लंबित प्रकरणों को जिला कलेक्टर के समक्ष प्रस्तुत कर प्राथमिकता से समाधान कराने को कहा। उन्होंने निर्देश दिए कि चिकित्सा विभाग को हस्तांतरित सभी भवनों को आवश्यक संसाधनों एवं निर्धारित सुविधाओं के साथ शीघ्र क्रियाशील बनाया जाए, ताकि इनका लाभ आमजन को मिल सके।

राठौड़ ने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि बैठक में दिए गए निर्देशों की नियमित समीक्षा करते हुए निर्धारित लक्ष्यों को समय पर पूरा करें तथा स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता, उपलब्धता और जवाबदेही सुनिश्चित करें।

नवरात्रि का पर्व प्राचीन काल से ही पूजा-प्रार्थना और नृत्य-संगीत के साथ मनाया जाता

संचार जगत

जयपुर। म्हारी मां काळी ने जईने कहिजे गरबो रमे रे....

नवरात्रि का पर्व प्राचीन काल से ही पूजा-प्रार्थना और नृत्य-संगीत के साथ मनाया जाता रहा है। विक्रम संवत के आख़िरी महीने अश्विनी में मनाया जाने वाला यह त्योहार मातृ देवी को समर्पित है। इन नौ दिनों तक घरों और मंदिरों में देवी की पूजा-प्रार्थना की जाती है और व्रत रखा जाता है, वहीं नौ रातों तक सार्वजनिक स्थानों पर गरबा और रास का आयोजन किया जाता है। कृषि आधारित समाज में विकसित हुआ यह त्योहार मॉनसून के बाद और फसल तैयार होने के पहले मनाया जाता है। दरअसल यह पर्व शहरी और ग्रामीण इलाक़ों में समाज में बुनियादी तौर पर मौजूद उत्सव, प्रेम और रचनात्मकता के प्रतीक के तौर पर बड़े पैमाने पर मनाया जाता है।

गरबा नृत्य को आमतौर पर माता दुर्गा का आशीर्वाद प्राप्त करने के लिए गाए जाने वाले भजनों एवं गीतों के अलावा राधा-कृष्ण के प्रेम और आम ग्रामीण जनजीवन को समर्पित गीतों पर किया जाता है। इस नृत्य का साहित्यिक स्वरूप भी जगजाहिर है। गुजराती कवियों ने इसे विकसित किया तो महिलाओं ने इसे जन जन का आधार बनाया।

गरबा मूल रूप से नवरात्रि के दौरान किया जाने वाला भक्ति और सामूहिक नृत्य है। पारंपरिक गरबा में बीच में मिट्टी का छेददार घड़ा रखा जाता है, जिसमें दीपक जलाया जाता है। इसे देवी शक्ति और जीवन के प्रतीक के रूप में देखा जाता है। इसके चारों ओर लोग गोल घेरा बनाकर तालियों और कदमों की लय के साथ नृत्य करते हैं। गरबा शब्द का संबंध 'गर्भदीप' से माना जाता है, यानी घड़े के अंदर जलता हुआ दीपक।

पहले गरबा का स्वरूप आज के बड़े स्टेज जैसा नहीं था। गांवों और मोहल्लों में लोग देवी की पूजा के बाद एक जगह इकट्ठा होते थे और रात में सामूहिक रूप से गरबा करते थे। गरबा की परंपरा पीढ़ी-दर-पीढ़ी अभ्यास, देखकर सीखने और सामुदायिक भागीदारी से आगे बढ़ी है। समय के साथ इसमें नए गीत, नृत्य की नई शैलियां और अलग-अलग पोशाकें जुड़ती गईं। पारंपरिक गरबा में सबसे महत्वपूर्ण चीज लय और गोलाकार गति है। बीच में दीपक या देवी की प्रतिमा को केंद्र मानकर लोग उसके चारों ओर घूमते हैं।

आरएमएससीएल ने टेंडर अवधि समाप्त होने के बाद भी एक-एक साल तक नए रेट कॉन्ट्रेक्ट नहीं किए

संचार जगत

जयपुर। नियमों के अनुसार नए टेंडर समय पर होने चाहिए या मौजूदा दरों को अधिकतम 3 महीने बढ़ाया जा सकता है, लेकिन ऐसा न करने से अस्पतालों को स्थानीय स्तर पर औने-पौने दामों में दवाइयां खरीदनी पड़ीं, जिससे भारी वित्तीय नुकसान हुआ है।

स्थानीय स्तर पर आपातकालीन परिस्थितियों में खरीदी गई इन दवाइयों की विधिवत क्वालिटी जांच भी नहीं करवाई गई, जिससे मरीजों की सेहत पर बड़ा जोखिम खड़ा हो गया है। स्थानीय निधि अंकेक्षण विभाग की ऑडिट रिपोर्ट में चौंकाने वाला खुलासा हुआ है कि क्वालिटी कंट्रोल विंग द्वारा 131 बैच की दवाइयों को अमानक घोषित किए जाने के बावजूद उन्हें अस्पतालों में सप्लाई कर दिया गया।

खैरथल में मिलावटखोरों पर बड़ी कार्रवाई, तीन प्रतिष्ठान सीज

जांच में मिली गंदगी और दूषित खाद्य सामग्री, कई दुकानों से लिए नमूने; खाद्य सुरक्षा टीम की कार्रवाई से मचा हड़कंप

संचार जगत

खैरथल। राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जयपुर के दिशा-निर्देशानुसार एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष व जिला एवं सत्र न्यायाधीश शैलेंद्र व्यास के मार्गदर्शन में मंगलवार को खैरथल में मिलावटखोरी, स्वच्छता और खाद्य सुरक्षा को लेकर संयुक्त निरीक्षण अभियान चलाया गया।

अभियान के दौरान खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता की जांच की गई तथा नियमों का उल्लंघन पाए जाने पर संबंधित प्रतिष्ठानों के खिलाफ कार्रवाई की गई। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण खैरथल के सचिव अजीत कुड़ी के नेतृत्व में स्वास्थ्य विभाग एवं खाद्य सुरक्षा विभाग की संयुक्त टीम ने पुलिस जाप्ते के साथ शहर के विभिन्न प्रतिष्ठानों का निरीक्षण किया। टीम में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अरविंद गेट और खाद्य सुरक्षा अधिकारी हेमंत कुमार यादव सहित अन्य अधिकारी शामिल रहे।



डेयरी और मिठाई की दुकानों से लिए नमूने

संयुक्त टीम ने हेमू कालानी चौक सहित शहर के विभिन्न क्षेत्रों में स्थित विजय डेयरी, संजय डेयरी, लखन होटल, गोपाल स्वीट्स, गोपाल दूध डेयरी, रोहित जूस सेंटर, आनंद डेयरी, राहुल रोचवानी जूस सेंटर और खालसा मीट शॉप का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान विजय डेयरी, संजय डेयरी और गोपाल दूध डेयरी से घी एवं पनीर के नमूने लिए गए। वहीं, आनंद डेयरी और गोपाल स्वीट्स से मिल्क केक, लड्डू, डोडा बर्फी, रसगुल्ला, गुलाब जामुन और पनीर के नमूने लिए गए। लखन होटल पर निरीक्षण के दौरान गंदा पनीर, दूषित अवस्था में रखी सब्जियां और खराब लाल मिर्च मिलने पर इन्हें मौके पर ही नष्ट करवाया गया।

बिना लाइसेंस संचालित जूस दुकानों पर कार्रवाई

रोहित जूस सेंटर के निरीक्षण के दौरान डीप फ्रीजर में कई दिन पुराने कटे हुए फल मिले, जिन्हें मौके पर ही नष्ट करवाया गया। इसके साथ ही बिना लाइसेंस संचालित एक जूस की दुकान को मौके पर ही सीज कर दिया गया। राहुल रोचवानी जूस सेंटर पर जांच के दौरान डीप फ्रीजर गंदा पाया गया। दुकान पर दो नाबालिग भी काम करते हुए मिले। सचिव के निर्देश पर दोनों नाबालिगों को दुकान के काम से मुक्त कराया गया। वहीं, टेंपो स्टैंड स्थित एक अन्य जूस की दुकान बिना लाइसेंस संचालित होती पाई गई, जिसे भी तत्काल सीज कर दिया गया।



खालसा मीट शॉप में गंदगी और बदबूदार मांस मिलने पर कार्रवाई

इसके बाद टीम ने हेमू कालानी चौक पर स्टेशन रोड स्थित खालसा मीट शॉप का निरीक्षण किया। यहां भारी गंदगी के साथ डीप फ्रीजर में कटा हुआ मांस और मछली रखे हुए मिले।

टीम के अनुसार, मांस से तेज बदबू आ रही थी। मुख्य बाजार में इस तरह की स्थिति मिलने से आसपास के वातावरण की स्वच्छता और लोगों के स्वास्थ्य को लेकर चिंता जताई गई। निरीक्षण के दौरान दुकान मालिक मौके पर मौजूद नहीं था। टीम ने वहां काम करने वाले कर्मचारियों से पूछताछ की।

स्वामित्व, प्रकाशक एवं संपादक : अवंतिका राठौड़ - पी.के. प्रिंटर्स एंड स्टेशनर्स, 31, राम मंदिर के पास, पटेल नगर, 22 गोदाम, जयपुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। कार्यालय : जे-17, रमेश मार्ग, सी-स्कीम, जयपुर। संपर्क : 0141 463 7668
ई-मेल : sancharjagat@gmail.com| आरएनआई नं. : RAJHIN/2014/55262 समाचार चयन के लिए पीआरबी अधिनियम के तहत जिम्मेदार। न्यायाधिकार क्षेत्र : जयपुर महानगर।